Publication: **Sanmarg** I Region: **Kolkata** I Date: **22/04/2014** I Page No.: **7**

रिलायंस लाइफ इंश्योरेंस की आनलाइन टर्म पालिसी

मुंबई : रिलायंस कैपिटल की अनुषंगी रिलायंस लाइफ इंश्योरेंस कंपनी ने 15 रुपये रोज के खर्च पर एक करोड़ रुपये के बीमा संरक्षण वाली आनलाइन टर्म जीवन बीमा योजना 'रिलायंस आनलाइन टर्म' सोमवार को पेश की। कंपनी का दावा है कि यह सबसे सस्ती आनलाइन टर्म पालिसियों में है। एक करोड़ रुपये का यह कवर 25 साल के स्वस्थ युवक के लिए मिलेगा। इस पलिसी में 75 साल की आयु तक बीमा सुरक्षा की पेशकश की गयी है। इसमें 18 से 55 साल की आयु वालों के लिए कम से कम 10 साल और अधिक से अधिक 35 साल के लिए बीमा सुरक्षा दी जाती है और अलग अलग वार्षिक प्रीमियम पर 50 लाख, 75 लाख रुपये और 1 करोड़ रुपये की पालिसी की पेशकश की गयी है। कंपनी की एक विज्ञप्ति के मुताबिक, ' रिलायंस आनलाइन टर्म 25 साल के युवक (जो धुम्रपान नहीं करते) के लिए 450 रुपये प्रति माह की दर से 15 साल तक के लिए 1 करोड़ रुपये की बीमा सुरक्षा प्रदान करता है। जिसमें एक साल का प्रीमियम 3,500 रुपये होगा। रिलायंस लाइफ इंश्योरेंस के सीईओ अनूप राउ ने कहा कि रिलायंस आनलाइन टर्म एक साधारण जीवन बीमा उत्पाद है जिसके दो मजबूत आधार हैं। एक सभी भारतीयों तक पर्याप्त बीमा कवर पहुंचना चाहिए और दूसरा लोग इसे आसानी से खरीद सकें। विज्ञप्ति में कहा गया है कि आनलाइन प्रक्रिया के चलते इसे खरीदना बेहद आसान और पारदर्शी है। इसमें यदि उपभोक्ता की कोई चिकित्सा जांच होगी तो वह भी उसके घर पर हो जाएगी। एजेंसियां